# सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार का पर्याय बनी ग्राम पंचायत खोरी

## जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरी के सरपंच-सचिव पर फिर लगा भ्रष्टाचार का आरोप, बिना मूल्याकंन के नवीन पंचायत भवन की निकाली गई लाखों की राशि, घटिया निर्माण के चलते चंद महीने में बरसात में बह गई पीसीसी सड़क

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। भ्रष्टाचार का पर्याय बनी ग्राम पंचायत खोरी लम्बे अर्से से सुर्खियों में बनी हुई है। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे सरपंच-सचिव पर सत्ता के संरक्षण का आरोप लगाया जा रहा है। जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरी के सरपंच-सचिव पर फिर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। बिना मूल्याकंन के नवीन पंचायत भवन की लाखों की राशि निकली गई। वहीं घटिया निर्माण के चलते चंद महीने में बरसात में पीसीसी सड़क बह गई।**

ग्राम पंचायत खोरी में अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) का निर्माण कार्य अधूरा है और राशि का आहरण शुरू हो गया है। पंचायत के निर्माणाधीन भवन के लिये बिल आईडी 15934915, दिनांक 7 जुलाई 2025, बिल नं. 40 में उत्कर्ष तिवारी को 4700 रूपये, बिल आईडी नं. 15934913, दिनांक 7 जुलाई 2025, बिल नं. 35 में उत्कर्ष तिवारी को 4400 रूपये एवं बिल आईडी 15934892 में बिल नं. 119 में भुगतान कर दिया गया। आरोप है कि नवीन पंचायत भवन के नाम पर 5 लाख रूपये बिना कार्य पूर्ण हुये और बिना मूल्यांकन के सचिव व सरपंच ने राशि आहरित कर गबन किया। वहीं वर्ककोड संख्या 22012034678724 कार्य का नाम-098 रोड निर्माण पृथ्वीराज सिंह के घर तक बड़ा बांध की मेड़ तक 150 मीटर अप्रैल 2025 में बनाई गई थी, जो पहली बरसात में सड़क का कुछ भाग पानी में बह गया।

### सत्ता के दबाव में नहीं हुई कार्यवाही, विपक्ष ने भी साधी चुप्पी : दीपक

ग्राम पंचायत खोरी के पंच एवं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत खोरी के सरपंच राजकुमार साहू एवं सचिव कौशलेंद्र द्विवेदी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खोरी भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई। ग्राम पंचायत खोरी के सरपंच एवं सचिव द्वारा पूर्व में किये गये विभिन्न भ्रष्टाचार की बिन्दुवार जनसुनवाई में की गई शिकायत की प्राथमिक जांच में शिकायतें सही पाये जाने के वर्षों बाद भी सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों के दबाव में भ्रष्ट सरपंच-सचिव के खिलाफ जांच पूरी नही होने और दोषियों के पर कार्यवाही नही होने से आज भी भ्रष्टाचार हो रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण है कि ग्राम पंचायत खोरी में अटल ग्राम सेवा सदन के नाम से नवीन पंचायत भवन का निर्माण के नाम पर बिना मुल्याकंन के करीब 8 लाख रुपए नियम विरुद्ध आहरित किये गये हैं। जिसकी सीएम हेल्पलाइन में मेरे द्वारा शिकायत क्रमांक 33774775, दिनांक 7 अगस्त 2025 को दर्ज कराई गई है। इसके अलावा हाल ही में घटिया पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया जो बरसात में बह गई है। ग्राम पंचायत खोरी में व्याप्त भ्रष्टाचार को सत्ता पक्ष का संरक्षण है वहीं इस क्षेत्र से विपक्षी दल कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य की जातिगत समीकरण बनाये रखने को लेकर चुप्पी साधे रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो ग्राम पंचायत खोरी में भ्रष्टाचार के चौंकाने वाले मामले का खुलासा हो जायेगा।

### भ्रष्टाचार की पूर्व में की गई शिकायत की जांच लंबित

ग्राम पंचायत खोरी के भ्रष्टाचार के लिये पूर्व में की गई शिकायत पर पांच बार जांच दल गठित किया गया, फिर भी जांच पूरी नहीं हो सकी। पांचवी बार जांच दल जिला पंचायत के आदेश क्रमांक/1713/जि.पं./शिकायत/2025, दिनांक 24 फरवरी 2025 को गठित की गई थी। उक्त जांच टीम में जनपद पंचायत सिहावल के सीईओ के साथ सहायक यंत्री अतुल मिश्रा, उपयंत्री सुदेश कुमार अग्रवाल, राजेश सिंह शामिल थे। सात दिवस में प्रतिवेदन के आदेश के बाद भी जांच पूरी नहीं हुई। वहीं तत्कालीन आरईएस एसडीओ सरिता सिंह द्वारा 12 जुलाई 2023 को जिला पंचायत सीईओ को भेजे जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट लिखा गया था कि निर्माण कार्यों के संबंध में भारी लापरवाही पाई है।

### इनका कहना है

वर्तमान में नवीन पंचायत भवन का कार्य चल रहा है। रेता, गिट्टी, सीमेंट निर्माण सामग्री का कुछ भुगतान किया गया है। बीम का काम हो रहा है, इसके बाद मूल्यांकन की कार्यवाई होगी। वहीं पृथ्वीराज सिंह के घर के समीप बनी पीसीसी सड़क जो कि क्षतिग्रस्त हो गई है वह पूर्व सचिव के कार्यकाल की है।

**कौशलेन्द्र द्विवेदी, सचिव ग्राम पंचायत खोरी**

ग्राम पंचायत खोरी में हुई अनियमितताओं की जानकारी अभी उनके संज्ञान में आई है। इसके लिये टीम गठित कर जांच करायी जायेगी। जांच में दोषी मिलने पर अग्रिम कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**रश्मि पाण्डेय, सीईओ जनपद पंचायत सिहावल**

खोरी पंचायत का मामला अभी संज्ञान में आया है। यदि निर्माण हुये अग्रिम में नवीन ग्राम पंचायत भवन के लिये आवंटित राशि का आहरण किया गया है तो उस पर कार्यवाई सुनिश्चित करायी जायेगी।

**अतुल मिश्रा, एसडीओ आरईएस उपसंभाग सिहावल**

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने जिला कारागार में कैदियों को बांधा रक्षासूत्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। सीधी के पड़रा स्थित जिला कारागार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सीधी सेवा केन्द्र द्वारा रक्षाबंधन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 387 लोगों को रक्षासूत्र बांधा गया।**

सेवा केन्द्र की मुख्य प्रभारी बीके रेखा दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें मर्यादाओं के बंधन में रहकर विकारों और नकारात्मक विचारों से मुक्त होने का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि जीवन ईश्वर का अनमोल उपहार है और अच्छे कर्म करके हम अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधने के बदले सभी बंदीजनों से उन्हें सबसे अधिक परेशान करने वाले मानसिक विकार को छोड़ने का संकल्प पत्र लिया। उप जेल अधीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था का यह प्रयास बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कैदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प से जीवन में वांछित बदलाव लाना संभव है। कार्यक्रम में जेलर कृष्ण कुमार तिवारी सहित समस्त स्टाफ ने सहयोग दिया। इसके अलावा बीके अर्चना, बीके शैली, समाजसेवी विनोद मिश्रा, बीके सुमन, बीके रितेश ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## स्तनपान बच्चों के लिए पोषण का सर्वोत्तम स्रोत व अत्यंत लाभकारी : डॉ .बीना

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। विश्व ब्रेस्ट फीडिंग सप्ताह के उपलक्ष्य में लिनेस क्लब कामाख्या द्वारा खजूरी कोठार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें स्तनपान के महत्व, नवजात के स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव और मातृत्व के प्रति जागरूकता का सशक्त चित्रण किया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं सहित बड़ी संख्या में दर्शकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के बाद उपस्थित महिलाओं व युवतियों ने डॉ.बीना मिश्रा और डॉ.सुनीता तिवारी से सीधे सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल व स्पष्ट रूप में उत्तर देते हुए बताया कि ब्रेस्ट फीडिंग न केवल बच्चों के लिए पोषण का सर्वोत्तम स्रोत है बल्कि यह मां के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने बताया कि स्तनपान से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है मां को स्तन कैंसर व डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचाव मिलता है। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था सरपंच व लिनेस क्लब की सक्रिय सदस्य सुनीता सिंह ने किया। जिन्होंने आयोजन में महिला भागीदारी को सराहा और ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की निरंतर आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में शर्मिला सिंह, वर्षा सिंह, मीनाक्षी द्विवेदी, अराधना सिंह, अंजू शर्मा, नीलम अंसारी, नीतू गुप्ता, रेखा स्वरूप, तारा तिवारी, रश्मि सोनी, सपना सिंह सहित मनीष द्विवेदी, रोशनी प्रसाद मिश्रा व नीरज कुंदेर उपस्थित रहे।

## भाजपा राज में नहीं सुरक्षित हैं बेटियां, सामने आ रहे सैकड़ों बलात्कार के मामले : ज्ञान

### बलात्कार पीड़ित दलित युवती को न्याय दिलाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। जिले के चुरहट थाना अंतर्गत दलित युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती अपने मंगेतर के साथ बढ़ौरा मंदिर में दर्शन करने गई थी। जहां से लौटते समय चार बदमाशों ने युवक और युवती पर हमला कर दिया और उन्हें बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप किया। एक आरोपी फरार है।**

पीड़ित युवती को न्याय दिलाने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन पुलिस अधीक्षक सीधी को सौंपा एवं मामले पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर कठोरता से कार्यवाही करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं है, प्रतिदिन सैकड़ो बलात्कार के मामले सामने आ रहे हैं जो कानून व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं। एक तरफ भाजपा के नेता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं दूसरी तरफ उन्हीं बेटियों की सुरक्षा करने में भाजपा की सरकार नाकाम साबित हो रही है। जिले में दलित युवती के साथ गैंगरेप की घटना ने पूरे जिले को शर्मसार कर दिया है, कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी है, अपराधियों में पुलिस का खौफ समाप्त हो चुका है। जिले में घटित यह घटना मानवता को तार तार करने वाली है। कांग्रेस पार्टी उक्त घटना पर जल्द से जल्द जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की मांग करती है।

### ज्ञापन सौंपने ये भी रहे शामिल

ज्ञापन सौंपने के दौरान सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, प्रदेश महिला महामंत्री कुमुदिनी सिंह, महामंत्रीगण भूपेन्द्र सिंह, जय सिंह, अशोक कोरी, प्रवक्ता पंकज सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजबहोर जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष महिला कांग्रेस शशिकला द्विवेदी, महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रियंका सिंह, ब्लॉक अध्यक्षगण अरविंद तिवारी, विवेक सिंह दीपू, रामभिलाष पटेल, यज्ञराज साहू, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरुण सिंह, युवा कांग्रेस नेता सुदीप द्विवेदी, पार्षद रमेश साकेत, महिला नेत्री तारा सिंह, माधुरी सिंह, पुष्पा सिंह, सुशीला सिंह, गौरी साकेत, रेखा सोनी, मंडलम अध्यक्ष जान आलम, श्रीनिवास जायसवाल, सनेंद्र सिंह, रमेश सेन, रमेश साकेत, दिनेश विश्वकर्मा, धीरज गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 905 .3 मिमी . हुई औसत वर्षा

**सीधी 7 अगस्त।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 7 अगस्त को सीधी जिले में 0.0 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मिमी., चुरहट 0.0, गोपद बनास में 0.0, सिहावल में 0.0, बहरी में 0.0, मझौली में 0.0 और कुसमी में 0.0 मिमी. वर्षा हुई है। जिले में अब तक 905.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 7 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 1039.4 मिमी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 750.2, चुरहट में 775.0, गोपद बनास में 867.2, बहरी में 957.5, मझौली में 1035.0 और कुसमी में 912.5 मिमी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 570.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 335.2 मिमी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## लीलावती श्रीवास्तव का महाप्रयाण केके श्रीवास्तव को मातृशोक

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। म.प्र. शिक्षक संघ विकासखण्ड इकाई रामपुर नैकिन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास्तव की माताश्री लीलावती श्रीवास्तव का लंबी बीमारी के उपरांत आज अपराह्न में स्वर्गवास हो गया। अंतिम संस्कार स्वजनों की उपस्थिति में 8 अगस्त को पूर्वाह्न में किया जाएगा।**

इस दुखद समाचार पर संगठन के साथियों के बीच शोक की सिलवटें उभर आयीं। लीलावती श्रीवास्तव जी के आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से अपने सानिध्य में लेने और शोक संतप्त परिवार, परिजन को धैर्य धारण कराने की प्रार्थना की गई है। शोक सभा व्यक्त करने वालों में सतीश पाण्डेय जिलाध्यक्ष, गौतममणि अग्निहोत्री प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजबहोर पाठक प्रांतीय संयोजक साहित्यिक प्रकोष्ठ, रामकृष्ण तिवारी पूर्व संभागीय अध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह, जिला सचिव रामजी शुक्ल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष निकिता सोनी, उपसचिव वीरेंद्र सिंह लोली, देवेन्द्र सिंह, अमरनाथ सिंह, बालेन्दु शेखर द्विवेदी आदि शामिल हैं।

## दलित युवती सामूहिक दुष्कर्म मामले में शिवसेना ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा पत्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। चुरहट थाना अंतर्गत बरिगवां के जंगल में दलित युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध के खिलाफ शिवसेना की जिला इकाई ने शुक्रवार को विरोध दर्ज करते हुए मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की।**

शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी अमानवीय और घृणित घटना ने मानवता को शर्मसार किया है। यह केवल कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं खड़ा करता बल्कि समाज की आत्मा को भी झकझोरता है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से चार मांगें उठाई गई हैं जिसमें कहा गया है कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, संपत्ति ज़ब्ती, सार्वजनिक सजा की मांग, पीड़िता को सुरक्षा और सहायता प्रदान की जाय। श्री पाण्डेय ने कहा इस परिस्थिति में समाज के हर उन जाति ठेकेदारों को सामने निकले आने की जरूरत है जो फालतू सोसल मीडिया से लेकर हर जगह बेवजह गांधी करने में तुले रहते है। आज असल मायने में जरूरत है किसी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि यदि इस मामले में शीघ्र और ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संगठन सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन छेड़ेगा।

ज्ञापन सौंपने प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, शिवसेना सीधी विधानसभा प्रभारी रोहित राठौर, कोषाध्यक्ष लाला वर्मा, नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा, युवा जिला संयोजक आकाश परांडे, शुभम सिंह चौहान उर्फ सोनम, सुभम बघेल, सजन कुमार सहित कई शिवसैनिक मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे श्लोक

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में 8 अगस्त से तीन दिवसीय शुरू होने जा रहे ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा के कक्षा आठवीं के छात्र श्लोक तिवारी (78 किलोग्राम भारवर्ग) गुरूवार को दिल्ली रवाना हुए। उनका नेतृत्व कोच माखनलाल मिश्र कर रहे हैं। उक्त प्रतियोगिता 8 से 10 अगस्त को आयोजित होगी।**

खिलाड़ी छात्र को रवाना करते समय स्कूल के प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी एवं प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए उत्साहवर्धन किया और चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ.तिवारी ने कहा कि पूरे समर्पण और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेंगे। जीत से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप अपना श्रेष्ठ प्रयास करें। इस मौके पर खेल प्रशिक्षकों में तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, सुभाष शुक्ल, प्रियंका सिंह, अंकुर मिश्र, विश्वास पाण्डेय एवं समस्त स्टॉफ ने छात्र को जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण परख में सीधी जिला देश में 5वें स्थान पर

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। नेशनल अचीवमेंट सर्वे जिसे अब राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण परख के नाम से जाना जाता है यह एक राष्ट्रव्यापी स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण है जिसमें छात्रों के शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन करने के लिये राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 4 दिसम्बर 2024 को कक्षा 3, कक्षा 6 और कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के लिये पूरे देश में एक साथ आयोजित किया गया।**

इस सर्वेक्षण में छात्रों के सीखने का स्तर और शिक्षा नीति, योजनाओं का क्रियान्वयन को दिशा देना उद्देश्य है। इस सर्वेक्षण में सीधी जिले के शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय और नवोदय विद्यालय सहित 92 स्कूलों के 2373 विद्यार्थियों के साथ 311 शिक्षक शामिल हुये। परख सर्वेक्षण में कक्षा 3 में सभी मानकों में 85 अंक प्राप्त हुये और प्रदेश में प्रथम स्थान पर सीधी रहा जबकि पूरे देश में कक्षा 3 में सीधी 7वें स्थान पर रहा। कक्षा 6वीं में सभी मानकों में 76 अंक प्राप्त हुये और प्रदेश में प्रथम स्थान पर सीधी रहा जबकि पूरे देश में कक्षा 6वी में 5वें स्थान पर रहा। कक्षा 9वीं में सभी मानकों में प्रदेश में सीधी प्रथम स्थान पर और देश में 24वें स्थान पर रहा। कई मानकों में सीधी जिला तीनों कक्षा में राष्ट्रीय औसत से ऊपर रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं अंशुमन राज सीईओ जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीधी जिले की स्कूल शिक्षा विभाग की यह उपलब्धि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है। विभाग को इस उपलब्धि के लिये बधाई एवं शुभकामनायें।

## 10 ग्राम पंचायतों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

### पंचायत उन्नति सूचकांक 1 .0 कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मिला सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 अगस्त। जिला पंचायत सभागार में 6 अगस्त को पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले की 10 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।**

प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7100 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा शेष 7 ग्राम पंचायतों को 2100 रुपये की सम्मान निधि के रूप में प्रदान की गई। सीधी पनवार चौहानन 70.34, सिहावल डोल 69.47, सिहावल खैरा 68.82, रामपुर नैकिन भितरी 68.71, सीधी पटेहरा खुर्द 68.27, सिहावल कुचवाही 67.69, रामपुर नैकिन चोरगड़ी 67.05, सीधी भेलकी खुर्द 67.47, सीधी बरिगवां 67.24 तथा सिहावल अमिलिया 67.18 ग्राम पंचायतें प्रथम 10 स्थान में रहीं।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 के तहत ग्राम पंचायतों के मूल्यांकन और उन्हें पुरस्कृत करने का यह प्रयास ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है। इस कार्यशाला ने यह दर्शाया कि ग्राम पंचायतें न केवल प्रशासनिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि विकास के नए मानक भी स्थापित कर रही हैं। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा प्रतिभागियों को आभार व्यक्त किया गया एवं आगे अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नत सूचकांक के आधार पर आगामी वित्त वर्ष में ए एवं ए प्लस कैटिगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरस्वती बहेलिया, सुश्री पूजा सिंह कुशराम, जिला पंचायत से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा, जिला पंचायत के मनरेगा शाखा से अशोक शुक्ला, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक कमलेश द्विवेदी, जिला पंचायत सीधी के समस्त कर्मचारी, सीधी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदू लाल पनिका, सीधी ब्लॉक से ब्लॉक समन्वयक विवेक मिश्रा एवं राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान विभाग के अन्य ब्लॉक के ब्लॉक समन्वयक, पीसीओ, एडीओ एवं कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सभी चयनित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे।